**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी शिमला**

**25.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

**''आज के मुख्य समाचार''**

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–प्रदेश की टैक्सियों व हल्के वाहनों पर नहीं लगेगा टोल–टैक्स।
- विधानसभा में वित्त वर्ष 2026–27 के बजट पर चर्चा समाप्त–सत्तापक्ष ने बजट को सराहा–विपक्ष ने दिशाहीन करार दिया।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप–सुक्खू सरकार की नीतियों के कारण आर्थिक संकट से गुजर रहा प्रदेश।
- प्रदेश में तीन नए सैटेलाईट शहरों के विकास के लिए हिमुडा और हुडको के बीच समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित।
- पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच प्रदेश में घरेलू रसोई गैस की बुकिंग में उछाल–उपभोक्ताओं से पैनिक न होने की अपील।

---

**प्रश्नकाल**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश की टैक्सियों व हल्के वाहनों पर कोई भी टोल टैक्स नहीं लगेगा। शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में आज प्रश्नकाल के दौरान मुख्यमंत्री ने विधायक राकेश जम्वाल, सुखराम चौधरी और राकेश कालिया के संयुक्त सवाल के जवाब में ये बात कही। उन्होंने कहा कि हिमाचल के सीमावर्ती क्षेत्र के जिन लोगों का हर रोज आना जाना रहता है, उन लोगों को पास जारी करने को लेकर कैबिनेट में विचार किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जिन बाहरी लोगों का हिमाचल में नियमित रूप आना जाना रहता है वह अपनी गाड़ी यहां पंजीकृत करवाएं तो उन्हें इसमें राहत मिल सकती है। इससे पहले मूल सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रवेश शुल्क में बढोतरी से सरकार को अनुमानित 2 सौ 28 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त होगा, जो वित वर्ष 2025–26 की तुलना में 54 करोड़ रुपए अधिक है। विधायक सुखराम चौधरी के अनुपूरक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में जो उद्यमी पौधे लगाने के लिए आगे आते हैं सरकार उन्हें राजीव गांधी वन संवर्धन योजना के तहत एक पैच देगी। उन्होंने कहा कि अगर उद्यमी 2030 तक सरकार के 32 प्रतिशत फॉरेस्ट कवर एरिया को बढ़ाने में मदद करते हैं तो सरकार को उन्हें नई व्यवस्था के तहत जंगल लगाने के लिए कार्बन क्रेडिट देने में कोई आपत्ति नहीं है।

विधायक अनुराधा राणा के मूल और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के अनुपूरक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने अटल आदर्श विद्यालयों को बंद नहीं किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल बनाने का निर्णय लिया है। अटल आदर्श विद्यालय आवासीय स्कूल है, जबकि राजीव गांधी के नाम से बनाए जा रहे स्कूलों में डे बोर्डिंग की सुविधा होगी। इससे पहले मूल सवाल के जवाब में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि जिला लाहौल स्पिति में 3 राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल बनाने की प्रशासनिक मंजूरी प्रदान की गई है।

------------------------------------------------------------------------

**बजट चर्चा**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश के वित्त वर्ष 2026–27 के बजट को आत्मनिर्भरता का रोड़ मैप बताया है। विधानसभा में आज बजट पर हुई सामान्य चर्चा के जवाब में मुख्यमंत्री ने ये बात कही। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पूर्व भाजपा सरकार पर प्रदेश की संपदा का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पूर्व जयराम सरकार को 70 हजार करोड़ रुपये आर.डी.जी. और जीएसटी प्रतिपूर्ति के मिले, लेकिन फिर भी प्रदेश की वित्तीय स्थिति को सुधारने के लिए उन्होंने कुछ नहीं किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बावजूद इसके भाजपा सरकार प्रदेश पर 76 हजार करोड़ रुपये का कर्ज छोड़कर गई। उन्होंने कहा कि हिमकेयर योजना में प्रदेश की संपदा को लुटाया गया और मंडी, लुधियाना तक हिमकेयर में राशि का दुरुपयोग किया गया। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने बीते तीन वर्षों में 9 सौ 60 करोड़ रुपये का इलाज हिमकेयर में किया। हिमकेयर का पैसा रोगी कल्याण समिति में गया, उसका कोई ऑडिट ही नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जयराम ठाकुर मंडी में मेडिकल कॉलेज में एम.आर.आई. की मशीन तक नहीं लगा पाए जो हमारी सरकार लगाने जा रही है। उन्होंने कहा कि मंडी में नेरचौक मेडिकल कॉलेज के बाहर एक निजी अस्पताल में मशीन लगी है और बाहर से लोगों को 3 हजार से 5 हजार रुपये में एम.आर.आई. करवाने पड़े।

इस दौरान विपक्ष ने मुख्यमंत्री के जवाब पर ऐतराज जताते हुए तथ्यों को छुपाने का आरोप लगाया। इससे पहले चर्चा में भाग लेते हुए विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने कहा कि राज्य में लगतार कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड रही है और भ्रष्टाचार अपने चरम सीमा पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में भू माफिया सक्रिय है। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि सरकार के पास बजट में कुछ होता तो सदन में इतिहास पर चर्चा करने के बजाए मुददो पर चर्चा करनी चाहिए। चर्चा में हिस्सा लेते हुए विधायक कमलेश ठाकुर ने कहा कि विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए प्रदेश सरकार ने बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा है। उन्होंने कहा कि बजट की प्रस्तुति दर्शाती है कि सरकार आत्मनिर्भर हिमाचल की दिशा में लगातार आगे बढ़ रही है। विधायक अनिल शर्मा ने कहा की कोई बजट परफेक्ट नहीं हो सकता, विपक्ष कमियों को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को विकास की दृष्टि से आगे ले जाने और आय के साधन बढ़ाने पर विचार करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस बार बजट आकार भी कम हुआ है। उन्होंने बजट को दिशाहीन बताया।

------------------------------------------------------------------------

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि हिमाचल इस समय गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहा है, जिसे लेकर उन्होंने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से चर्चा की और केंद्र से सहयोग का आग्रह भी किया। शिमला में आज उन्होंने मुख्यमंत्री पर जमकर निशाना साधा और आरोप लगाया कि सुक्खू सरकार की नीतियों के कारण प्रदेश की आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ रही है। दिल्ली जाकर पैसा रुकवाने के सुक्खू सरकार के आरोपों पर जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री से मिलना सौभाग्य की बात है और अगर मुख्यमंत्री उनसे समय मांगेंगे तो उन्हें भी मिलने का मौका मिलेगा।

---------------------------------------------------------------------

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने कहा है कि भाजपा व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर हर चीज में राजनीति करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने एंट्री टैक्स इतना ज्यादा नहीं बढ़ाया है और अभी इस पर विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल की केवल कमर्शियल गाड़ियों पर ही टैक्स लगा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में आने वाले अन्य राज्यों के वाहनों पर ही एंट्री टैक्स बढ़ाने का फैसला लिया है। नई दरें एक अप्रैल 2026 से लागू होंगी।

---------------------------------------------------------------------

**एमओयू**

प्रदेश में तीन नए सैटेलाइट शहरों के विकास के लिए हिमाचल प्रदेश आवास व शहरी विकास प्राधिकरण हिमुडा और हाउसिंग एंड अर्बन डिवेल्पमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बीच आज शिमला में एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया। नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी की उपस्थिति में हुए इस एमओयू के अंतर्गत हिम चंडीगढ़, हिम पंचकुला और कांगड़ा वैली एयरोसिटी का निर्माण किया जाएगा। इस अवसर पर राजेश धर्माणी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च अधिमान देते हुए नियोजित शहरीकरण को बढ़ावा देने में यह परियोजनाएं मील पत्थर साबित होंगी। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के साकार होने से प्रदेश को एक नई पहचान और लोगों को रोज़गार के प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष के अवसर मिलेंगे।

---------------------------------------------------------------------

**गैस आपूर्ति**

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच देशभर में घरेलू रसोई गैस की बुकिंग में भारी उछाल देखा जा रहा है। प्रदेश में फरवरी महीने की अपेक्षा मार्च में सामान्य से लगभग 35 फीसदी अधिक बुकिंग हुई है जिस वजह से कमर्शियल सिलेंडर की कमी भी हुई है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड भारत सरकार के हिमाचल प्रमुख मोहम्मद आमीन ने बताया कि हिमाचल में घरेलू रसोई गैस की कोई कमी नहीं है और आपूर्ति भी सामान्य रूप से की जा रही है। उन्होंने कहा कि कमर्शियल

सिलेंडर की आपूर्ति सरकार के निर्देशानुसार 20 फीसदी की जा रही है जिसे आगामी एक दो दिनों में 50 तक बढ़ा दिया जाएगा।

----------------------------------------------------------------------------

**''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–प्रदेश की टैक्सियों व हल्के वाहनों पर नहीं लगेगा टोल–टैक्स।
- विधानसभा में वित्त वर्ष 2026–27 के बजट पर चर्चा समाप्त–सत्तापक्ष ने बजट को सराहा–विपक्ष ने दिशाहीन करार दिया।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप–सुक्खू सरकार की नीतियों के कारण आर्थिक संकट से गुजर रहा प्रदेश।
- प्रदेश में तीन नए सैटेलाईट शहरों के विकास के लिए हिमुडा और हुडको के बीच समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित।
- पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच प्रदेश में घरेलू रसोई गैस की बुकिंग में उछाल–उपभोक्ताओं से पैनिक न होने की अपील।

----------------------------------------------------------------------------